# संक्रामक रोगों से बचाव ही सबसे बड़ी सुरक्षा है : अरुण यादव

## बोरावा द्वारा संक्रामक रोगों पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र।** स्व. गुलाब बाई यादव स्मृति शिक्षा महाविद्यालय एवं सुभाष यादव मेमोरियल डिग्री महाविद्यालय, बोरावा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में निदेशक डॉ. निलेश पटेल के मार्गदर्शन में शनिवार 24 जनवरी को एच. आई. वी. / एड्स जागरूकता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसरावद के एड्स काउंसलर डॉ. हिमांशु राठौड़ ने एचआईवी/एड्स की जानकारी देते हुए बताया कि नशीली दवाओं के इंजेक्शन में प्रयुक्त सुइयों या सिरिंज को कभी भी साझा नहीं करना चाहिए। उन्होंने एचआईवी की नियमित




जांच कराने की अपील करते हुए कहा कि उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों को डॉक्टर की सलाह से PrEP (प्री-एक्सपोज़र प्रोफिलैक्सिस) लेना चाहिए। वहीं, यदि कोई व्यक्ति एचआईवी के संपर्क में आया हो, तो 72 घंटे के भीतर PEP (पोस्ट-एक्सपोज़र प्रोफिलैक्सिस) दवा लेने से संक्रमण की संभावना को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इस अवसर पर डॉ. अमरसिंह राठौड़ ने टीबी (तपेदिक) रोग से बचाव एवं उपचार पर प्रकाश डालते हुए कहा कि टीबी से बचाव के लिए मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली और पौष्टिक आहार अत्यंत आवश्यक है, हालांकि ये डॉक्टर द्वारा निर्धारित दवाओं का विकल्प नहीं हो सकते। उन्होंने लहसुन,



शहद, आंवला एवं अखरोट जैसे पोषक तत्वों के सेवन के साथ-साथ पर्याप्त आराम और विटामिन सी व डी युक्त आहार लेने की सलाह दी, जिससे उपचार प्रक्रिया में तेजी आती है। एक दिवसीय कार्यशाला में 250 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया एवं 100 विद्यार्थियों ने स्वेच्छा से एच.आई.वी. जांच करवाई, जिसमें सभी की रिपोर्ट नेगेटिव पाई गई। यह विद्यार्थियों में जागरूकता और स्वास्थ्य के प्रति सजगता का सकारात्मक संकेत है। एक दिवसीय कार्यशाला के आयोजन पर पूर्व केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री अरुण यादव ने अपने संदेश में कहा कि संक्रामक रोग अत्यंत संवेदनशील और घातक होते हैं, जो किसी भी व्यक्ति के जीवन के लिए गंभीर खतरा बन सकते हैं। ऐसे रोगों से बचाव ही सबसे प्रभावी सुरक्षा है। उन्होंने हाथों की नियमित व प्रभावी स्वच्छता, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का सही उपयोग, स्वच्छ वातावरण बनाए रखने तथा श्वसन स्वच्छता का पालन करने पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम का आभार प्राचार्य डॉ. एन.पी. मिश्रा ने व्यक्त किया, जबकि संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सावन धनगर ने किया। कार्यक्रम में प्रो. दिनेश मुजाल्दा, प्रो. एस.एन. यादव, प्रो. रानू यादव, प्रो. कुंदनलाल वर्मा, प्रो. सुरमल नार्वे, प्रो. मंगल सावले, विजय कुशवाह, प्रो. श्रद्धा पटेल सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## आंधी : बारिश और ओलों से खड़ी फसलें तबाह, 12 से ज्यादा गांवों के किसान एसडीएम दफ्तर पहुंचे



**कसरावद, निप्र।** मंगलवार शाम करीब 5 बजे मौसम ने अचानक करवट ली और तेज आंधी, बारिश व ओलावृष्टि ने किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फेर दिया। आधे घंटे तक चली आंधी-बारिश से क्षेत्र के दर्जनों गांवों में गेहूं, चना, मक्का, केला, गन्ना और पपीता सहित रबी व बागवानी फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। खेतों में खड़ी फसलें जमीन पर बिछ गईं, दाने झड़ गए और गुणवत्ता पर भी संकट गहरा गया है।

**छोटी कसरावद में चने जितने ओले, माकड़खेड़ा-खरगोन रोड पर फसलें गिरीं:-** छोटी कसरावद गांव में चने के आकार के ओले गिरे। स्थानीय किसानों के अनुसार ओलावृष्टि भले ही कुछ देर की रही, लेकिन इससे भारी नुकसान हुआ। माकड़खेड़ा क्षेत्र में तेज हवाओं के चलते गेहूं सहित अन्य फसलें बिछ गईं। खरगोन रोड व आसपास के क्षेत्रों में भी तेज झोंकों से फसलें जमीन पर गिर गईं, जिससे पैदावार घटने की आशंका बढ़ गई है।

**फसल पकने की अवस्था में थी, नुकसान तय:-** किसान प्रवीण यादव, राजाराम यादव, रमेश यादव, गोपाल पटेल, आनंद राम पटेल, संजय कर्मा और अक्षय यादव ने बताया कि फसलें पकने की अवस्था में थीं। इस समय आई आंधी-ओलावृष्टि से आर्थिक नुकसान होना तय है। किसानों ने राजस्व विभाग से तत्काल फसल क्षति सर्वे कर राहत दिए जाने की मांग की है।

**12 से ज्यादा गांवों के किसान एसडीएम कार्यालय पहुंचे, हंगामा-नारेबाजी:-** छोटी कसरावद, गवला, चिचलाय, दोगांवा, माकड़खेड़ा, मोगवा, कोगांवा, सायता, नावडाटौड़ी सहित आसपास के गांवों के करीब 12 से अधिक गांवों के किसान एसडीएम कार्यालय पहुंचे। किसानों ने एसडीएम सत्येंद्र बेरवा को ज्ञापन सौंपते हुए आर्थिक नुकसान का सर्वे कराने की मांग की। इस दौरान विवेक यादव, बबलू राठौर, मालकसिंह राठौर, किशोर यादव, जगदीश, रवि, सखाराम सहित बड़ी संख्या में किसानों ने कार्यालय के सामने नारेबाजी की और समस्या का समाधान नहीं होने पर धरना देने की चेतावनी दी।

**जय स्तंभ चौराहे तक रैली, मुआवजे की मांग:-** एसडीएम द्वारा समस्या वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाने के आश्वासन के बाद किसानों ने रैली निकाली और जय स्तंभ चौराहे तक नारेबाजी करते हुए पहुंचे। किसानों ने प्रशासन से शीघ्र आर्थिक क्षति की भरपाई करने की मांग रखी।

**आंधी से पेड़ गिरे, 11 केवी लाइन टूटी—बिजली आपूर्ति प्रभावित:-** तेज आंधी के कारण जेल रोड स्थित 11 केवी फीडर के तार टूट गए, जिससे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। मंडलेश्वर रोड पर भी विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त होने की स्थिति बनी। बिजली गुल होने से आमजन को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। कुल मिलाकर, अचानक बदले मौसम की इस मार ने न सिर्फ किसानों की फसलें तबाह कीं, बल्कि उनकी उम्मीदों पर भी गहरा असर डाला है। अब सबकी नजर प्रशासन की ओर है कि राहत और मुआवजे को लेकर कितनी जल्दी कार्रवाई होती है।

# दो पिकअप जब्त कर 9 गौवंश को कराया मुक्त

**खरगोन, निप्र।** पुलिस ने अलग-अलग थानाक्षेत्रों में अवैध गौवंश परिवहन में लिप्त दो पिकअप वाहन को जब्त कर वाहन में परिहवन किए जा रहे 9 गौवंश को मुक्त कराया है। यह कार्रवाई चैनपुर और बड़वाह थानाक्षेत्र में की गई। बड़वाह थाना पुलिस से मिली जानकरी पिकअप वाहन क्रमांक एमएच 20 जीसी 5405 को काटकूट फाटा रोड़ पर रोका गया। वाहन में 3 व्यक्ति बैठे थे, जिन्होंने अपना नाम आकाश पिता अमाबाजी हरडकाड़ ग्राम पिछौर थाना पिछोर कन्नड़ सफेपुर जिला



ओरंगाबाद महाराष्ट्र, निखिल पिता बिट्ठुल मुकासे निवासी ग्राम पिछोर तालुका कन्नड़ शफेपुर जिला ओरंगाबाद महाराष्ट्र एवं प्रतीक पिता बलवार जाट निवासी जाट मोहल्ला बडवाह का होना बताया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें क्रुरतापूर्वक 04 गौवंश भरे होना पाए गए। वाहन सवार तीनों लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर वाहन को जब्त किया गया। इसी तरह थाना चैनपुर पुलिस ने पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 10 जी 2780 को चित्तौडगढ़-भुसावल मार्ग मुंडिया फाटा पर घेराबंदी कर रोका गया। पुलिस को देख वाहन चालक, वाहन छोड़ मौके से फरार हो गया। वाहन में 5 गौवंश भरे पाए गए।

## संभागीय कार्यालय प्रांगण में यूनियन के कैलेंडर का अनावरण किया



**बड़वाह, निप्र।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी वर्ष 2026 के कैलेंडर का विधुत मंडल कर्मचारी यूनियन द्वारा आज बड़वाह संभाग में दिनाक 28 जन बुधवार को संभागीय कार्यालय प्रांगण में यूनियन के कैलेंडर का आनावरन कार्यपालन यंत्री श्री अलिंद देशपांडे की मुख्य आतिथ्य में एवम कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री सुशील शर्मा जी प्रान्तीय महामंत्री विशेष अतिथि दिलिप शर्मा उप महामंत्री यशवंत राठौर प्रांतीय उपाध्यक्ष सुशील हार्डिया एवम गणेश जेठा इंदौर थे बडवाह संभाग की ओर से क्षेत्रीय सचिव जीतेन्द्र चौहान राजेश साद सचिव भारत बिरला कोषाध्यक्ष मंच पर विराजमान थे साथ ही अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे, कार्यकम में अधिकारी कर्मचारी साथीयो कि उपस्तिथि में प्रात: 10,30 बजे संभागीय कार्यालय परिसर पर कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ कार्यक्रम को स्मबोधित करते हुए प्रांतीय महामंत्री शुशील शर्मा ने बताया कि बिजली कम्पनी में पहली यूनियन है विगत 20 वर्षो से निरंतर कैलेंडर प्रकाशित कर कम्पनी कार्यालय एवम कर्मचारियों को वितरित कर जानकारी उपलब्ध कराती है विधुत मंडल कर्मचारी यूनियन हमेशा कर्मचारियों की समस्यों का समाधन कर उनको आगे बढ़ाने में विस्वास रखती है ,मुख्य अतिथि अलिंद देशपांडे ने कैलेंडर का अनावरण करते हुए खुशी जाहिर की में विगत 2 वर्षो से यूनियन के कैलेंडर का अनावरण कर रहा हु आपकी यूनियन बहुत अच्छा कार्य कर रही है कर्मचारियों की समस्याओं को भी गम्भीरता से लेती है व उसको हल करवाती है यूनियन कर्मचारियों और कम्पनी के बीच सेतु का कार्य करती है । सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन दिलिप शर्मा प्रांतीय उपमहामंत्री ने किया कार्यक्रम में भारी संख्या में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## कसरावद में स्कूलों के प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कार दिया



**कसरावद, निप्र।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत जनपद पंचायत कसरावद द्वारा आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा स्कूलों के प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कार दिया गया इस अवसर पर महर्षि वेदव्यास पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल कसरावद की छात्रा कुमारी अमूल्या बृजेश व्यास एवं नम्रता हिंगोल एवं मानस गोखले को विज्ञान मंथन यात्रा नई दिल्ली हेतु चयनित होने पर शील्ड एवं प्रमाण पत्र से पुरस्कृत किया गया साथ ही जैव विविधता प्रतियोगिता हेतु खरगोन में स्कूल के छात्र आर्यन निलेश व्यास राधिका यादव एवं समीर खान को प्रमाण पत्र एवम शिल्ड देकर सम्मानित किया गया रात्रि में नगर पंचायत परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विमला राजेंद्र सिंह यादव द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें कसरावद के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने 13 कार्यक्रमों में भाग लिया जिसमें प्रथम स्थान शासकीय विद्यालय एवं द्वितीय स्थान महर्षि वेदव्यास पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल कसरावद को मिला तथा तृतीय पुरस्कार शासकीय विद्यालय को मिला इस अवसर पर नगर कसरावद के पार्षद गण अधिकारी गण एवं पत्रकार तथा नागरिक उपस्थित थे महर्षि वेदव्यास स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा दी गई सुंदर प्रस्तुति हेतु संस्था के डायरेक्टर राजेश व्यास निलेश व्यास बृजेश कुमार व्यास एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई दी।

**एक नजर में** — सी सी आई द्वारा किसानों को कम राशि का भुगतान कर की धोखाधड़ी

# प्राकृतिक आपदा ने नर्मदा पट्टी के किसानों की खड़ी फसलों को बर्बाद कर दिया

**नवभारत न्यूज**

**मंडलेश्वर, निप्र।** गत 27 जनवरी की शाम आई प्राकृतिक आपदा ने नर्मदा पट्टी के किसानों की खड़ी फसलों को बर्बाद कर दिया। एक तरफ किसान अपनी फसलों के बर्बाद होने से दुखी है दूसरी तरफ उनको फसल का उचित दाम भी नहीं मिल पा रहा है बैंकों की वसूली भी की जा रही है। अन्नदाताओं की इन सभी समस्याओं को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने सैकड़ों किसानों के साथ मंडलेश्वर एस डी एम पूर्वा मंडलोई को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।महासंघ के संभागीय सह मंत्री गौरीशंकर पाटीदार ने ज्ञापन का वाचन किया और किसानों की समस्या मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का आग्रह किया।ज्ञापन में बताया गया है कि आंधी तूफान और ओलावृष्टि से गन्ना, केला,पपीता ,गेहूं ,मक्का, डालर चना ,देशी चना,और सब्जियों की फसल बुरी तरह प्रभावित हुई है।आपने मांग की है प्रभावित किसानों की फसलों का सर्वे नायब तहसीलदार पटवारी के साथ जाकर करे और फ़सल का सही आकलन कर उचित मुआवजा दिलाया जाए।इस दौरान जो बैंकों की ऋण वसूली चल रही है या जिन किसानों पर बैंकों द्वारा



प्रकरण दर्ज करवाए है उन्हें तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाना चाहिए।कपास खरीदी के लिए सी सी आई द्वारा तीन रेंज की खरीदी की जाना थी लेकिन नियम विरूद्ध दस रेंज की खरीदी की गई जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है इस खरीदी की जांच करवाकर दोषी कर्मचारियों पर कार्यवाही की जाना चाहिए।कपास खरीदी में दूसरा एक घोटाला और हुआ है जिसमें मंडी द्वारा किसान को 7906 रूपये प्रति क्विंटल की पर्ची बनाकर दी गई लेकिन सी सी आई ने कपास तोलने के बाद 7705 रूपये प्रति क्विंटल के हिसाब से पेमेंट दिया।किसानों के साथ हुई इस धोखाधड़ी की जांच कर दोषियों पर कार्यवाही की जाए।किसानों की समस्याओं को मुख्यमंत्री तक शीघ्र पहुंचाने का आश्वासन एस डी एम द्वारा दिया गया। इस अवसर पर संगठन के तहसील अध्यक्ष राकेश पाटीदार सह मंत्री बलराम पाटीदार मनदीप सिंह तवर सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत छोटी खरगोन की ग्राम सभा के प्रस्ताव को फर्जी बताकर कार्यवाही की मांग की। बड़वाह धामनोद राजमार्ग के सम्बन्ध में ग्राम पंचायत छोटी खरगोन द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर ग्राम सभा का आयोजन कर प्रस्ताव पास कर राजमार्ग बनाने के लिए प्रारूप- 16 जारी कर दिया है। ग्राम छोटी खरगोन के किसान राकेश पाटीदार संजय सिंह पटेल संतोष पाटीदार अनिल बर्फा रितेश पाटीदार दीपक हम्मड सहित किसानों ने इस सम्बन्ध में एस डी एम पूर्वा मंडलोई को शिकायत कर सरपंच सचिव उप सरपंच के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है जिन्होंने बिना किसानों की उपस्थिति में प्रस्ताव पास किया है।

## एक नजर में

### कसरावद के श्रद्धालुओं ने कराया धार्मिक आयोजन



**कसरावद, निप्र।** मंगलवार को गुप्त नवरात्रि की नवमी के पावन अवसर पर माडव क्षेत्र के तारापुर गांव में विराजित माँ सप्तचंडी देवी मंदिर में श्रद्धा और आस्था का वातावरण बना कसरावद क्षेत्र से पहुंचे श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर प्रसादी ग्रहण की और पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर विधिवत कन्या पूजन कर माता की आराधना की गई। मंदिर परिसर में पूरे दिन भक्तों की आवाजाही बनी रही और 'जय माता दी' के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में पंडित राजकुमार, गांवशिंदे, महेश चौहान, प्रवीण कुशवाह, रितेश पटेल, संतोष कोली, मांगीलाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने गुप्त नवरात्रि में माता की उपासना को कल्याणकारी बताते हुए सुख-समृद्धि की कामना की।

### थाना प्रभारी बर्मन हुए सम्मानित



**कसरावद, निप्र।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस अधिक्षक श्री रवीन्द्र वर्मा ने उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक श्री बर्मन मैं संपत्ति संबंधित अपराधों एवं चैन स्नैचिंग के अपराधों मैं आरोपियों की धर पकड़ हेतु उनके सराहनिय कार्य के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। गया। पूर्व पार्षद देवदत्त इ एक्कल ने श्री बर्मन को शुभकामनाए दी।

### विजयलक्ष्मी हॉस्पिटल में मिलेगा आयुष्मान योजना का लाभ



**खरगोन, निप्र।** शहर के सनावद रोड पर स्थित विजय लक्ष्मी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर नि:शुल्क आयुष्मान योजना कक्ष की समारोहपूर्वक प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश सरकार के सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने शुभारंभ किया। प्रभारी मंत्री श्री सारंग ने विधायक बालकृष्ण पाटीदार, विधायक राजकुमार मेव, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती नन्दा ब्राह्मणे ओर हॉस्पिटल संचालक परसराम चौहान की उपस्थिति में फीता काटने के बाद आयुष्मान कक्ष का निरीक्षण किया। हॉस्पिटल संचालक श्री चौहान ने बताया आयुष्मान योजना कक्ष शुरुआत होने से मरीजो को जटिल ऑपरेशन में नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवा शहर में ही मिल सकेगी। इसके साथ ही 5 फरवरी से डायलिसिस सेवाएं आयुष्मान योजना में नि:शुल्क शुरू होगी। इस दौरान सीसीबी पूर्व चेयरमैन प्रकाश रत्नपारखी, पूर्व सीसीबी अध्यक्ष रणजीत सिंह डंडीर, भाजपा मण्डल अध्यक्ष अभिलाष अत्रे, भाजपा नेता राकेश चौहान, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कांतिलाल कर्मा, हॉस्पिटल मार्केटिंग हेड डॉ. विशाल पाटीदार व डॉ. संजय बिरला, मैनेजर स्वाति मंडलोई सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता, मरीज अटेंडर ओर समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

### बास्केटबाल कोच स्व. शाह स्मृति प्रतियोगिता में खंडवा बना चैंपियन



**खरगोन, निप्र।** खेल न सिर्फ अच्छे कॅरियर के माध्यम हैं, बल्कि यह सफल जीवन की आधारशिला भी हैं। खिलाड़ी टीम भावना से एकता और अनुशासन जैसे अनेकों गुणों को आत्मसात करते हैं। यह बात जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन द्वारा स्टेडियम मैदान पर आयोजित बास्केटबॉल कोच स्व. जितेंद्र शाह स्मृति में आयोजित एक दिवसीय अंतर जिला स्तरीय बास्केटबाल प्रतियोगिता के शुभारम्भ अवसर पर जैतापुर थाना प्रभारी सुदर्शन कलोसिया ने कही। उन्होंने खिलाडियों को टीम भावना का महत्व भी बताया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि अनुश्री जितेंद्र शाह ने खिलाडियों को खेलों के माध्यम से स्वस्थ्य रहने की सीख दी। विशेष अतिथि भानुदत्त परसाई ने दैनिक जीवन में खेलों का महत्व बताया। जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के समर्थ सांगले, निलेश खोड़े, अमरजीत सिंह भाटिया ने बताया कि स्पर्धा में खंडवा, खेतिया, सेंधवा एवं मेजबान खरगोन के 50 से अधिक खिलाडियों ने भागीदारी की। इसमें खंडवा टीम विजेता रही।

### यूजीसी कानून के विरोध में सड़क पर उतरा स्वर्ण समाज




**खरगोन, निप्र।** यूजीसी के नए नियमों को लेकर बुधवार को सवर्ण समाज ने सड़क पर उतरकर आक्रोश दर्ज कराया। सवर्ण समाज का आरोप है कि यह नियम समानता के नाम पर उच्च शिक्षा में विभाजन को बढ़ावा देगा। रैली के रुप में नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे सवर्ण समाजजनों ने महामहीम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में शामिल राजू शर्मा, आनंद शर्मा, जगदीश ठक्कर, गजेंद्र सोलंकी, नवनीत महाजन आदि ने बताया 13 जनवरी को देश के कॉलेज एवं यूनिवर्सिटीस में यूजीसी कानून लागू किया गया है। यह कानून उच्च शिक्षा व्यवस्था में गहरी असमानता और भेदभाव उत्पन्न करने वाला कानून है। यह कानून अपने वर्तमान स्वरुप में एक प्रक्षीय प्रतीत होता है, जिसके कारण विशेष रुप से सवर्ण वर्ग के छात्रों का शैक्षणिक और व्यवसायिक भविष्य बाधित होने की स्थिति बन रही है। यह कानून छात्र जीवन से ही भेदभाव पैदा करेगा और देश में भाईचारे को खत्म कर देगा। ज्ञापन के माध्यम से स्वर्ण समाज ने चेतावनी दी है कि यदि इस कानून को वापस नहीं लिया गया तो पूरे आंदोलन तेज होगा।